विचारार्थ विषय
परियोजना विश्लेषक

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

मंत्रालय की आरसीएच कार्यक्रम के संपूर्ण संपादन में आरसीएच { डीसी} प्रभाग की सहायता करना।

- आर सी एच कार्यक्रम संबंधी कार्य करने में सहायता/ मदद प्रदान करना।
- डेटा की प्रविष्टि करना, राज्य पीआईपी की गुणवत्ता की जांच करना।
- डेटाबेस को अद्यतन करना और उसका रखरखाव करना।
- प्रभाग के अधिकारियों के लिए आंतरिक नोट तैयार करना।
- आंतरिक और बाहरी संप्रेषण के संबंध में प्रभाग के अधिकारियों को सहायता प्रदान करना।
- परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मॉनिटरिंग करने के लिए कार्य योजना तैयार करना।
- परियोजनाओं के कार्यान्वयन की डेस्क समीक्षा करना।
- प्रगतिरत परियोजनाओं के संबंध में भौतिकीय और वित्तीय मासिक प्रगति प्राप्त करना।
- राज्य सरकारों के साथ संपर्क स्थापित करना और दाता समन्वय द्वारा अपेक्षित मासिक प्रगति रिपोर्ट एवं अन्य सूचना/ डॉटा प्राप्त करना।
- डॉटा एंट्री कार्य सहित दाता समन्वय प्रभाग में अधिकारियों को सचिवालय सहायता प्रदान करना।
- डीसी प्रभाग द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य निष्पादित करना।
- उपर्युक्त सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करना।

पात्रता:

- किसी भी विषय में स्नातक उपाधि।
- राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी क्षेत्र में प्रशासनिक सहायता में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- कार्य के प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों में आरसीएच प्रभाग को समर्थन / कार्य में सहायता देना, राज्य पीआईपी की गुणवत्ता जांच करना, डेटाबेस का अनुरक्षण और अद्यतन बनाना, प्रभाग के अधिकारियों के लिए आंतरिक नोट का प्रारूप बनाना, चालू परियोजनाओं की मासिक भौतिक और वित्तीय प्रगति रिपोर्टें प्राप्त करना तथा डीसीप्रभाग द्वारा सौंपे गए अन्य कोई कार्य करना शामिल है।
- अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का अच्छा ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य है। एमएस ऑफिस और अन्य एप्लीकेशनों में कंप्यूटर का ज्ञान।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में तब छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता लेख प्रकाशित किया गया हो अथवा जब विशिष्ट प्रासंगिकता के काम करने का अनुभव हो।

आयु: अधिकतम आयु 45 वर्ष आवेदन की अंतिम तिथि तक ।

पारिश्रमिक: रु.30,000/- से 50,000/- के बीच प्रति माह।

स्थान: दिल्ली

आवेदन कैसे करें:

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई-मेल rch.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **09-Nov-2016** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित **संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।